भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
मानव संसाधन (हीप),रानीपुर, हरिद्वार- 249403 (उत्तराखण्ड)

परिपत्र

मा. सं. / भर्ती / ट्रेड अप्रेंटिस / अक्टूबर 2015 **दिनांक : 14/09/2015**

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार इकाई निम्नलिखित अर्हताओं को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों से ट्रेड (आई.टी.आई.) अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण अक्टूबर 2015 बैच के लिए आवेदन आमंत्रित करती है :-

क्रम सं.	व्यवसाय	रिक्तियों की संख्या	आयु सीमा (16 अक्टूबर 2015 को) एवं छूट	न्यूनतम योग्यता
1	फिटर	68	• न्यूनतम:18 वर्ष • अधिकतम: सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 27 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 30 वर्ष एवं अनु. जाति/ जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 32 वर्ष • 40% या उससे अधिक शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों (अस्थि बाधित/श्रवण बाधित/दृष्टि बाधित) को अपने वर्ग में अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी।	हाई स्कूल उत्तीर्ण एवं एन.सी.वी.टी. / एस.सी.वी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2013, 2014 व 2015 में आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थी (नियमित अभ्यर्थी के रूप में) जिनका न्यूनतम प्रतिशत सामान्य तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 70 % तथा अनु. जाति, अनु. जनजाति तथा शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों लिए 60 % होना चाहिए।
2	मशीनिष्ट	41		
3	इलैक्ट्रीशियन	26		
4	वैल्डर	14		
5	टर्नर	08		
6	फोर्जर एण्ड हीट ट्रीटमेन्ट	04		
7	इलैक्ट्रानिक्स (मैके.)	03		
8	फाऊण्ड्रीमैन	03		
9	ड्राफ्ट्समैन (मैके.)	01		
10	पैटर्न मेकर	02		

नोट: ऊपर दी गयी रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन भी संभव है।

<u>महत्त्वपूर्ण निर्देश</u>

- प्रशिक्षण अवधि क्षेत्रीय शिशिक्षुता प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार होगी।
- अभ्यर्थियों के आई.टी.आई. का जिला सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार या विशिष्ट सेवायोजन कार्यालय कालसी (देहरादून) में नामांकन होना अनिवार्य है, किन्तु टर्नर, मशीनिष्ट, पैटर्न मेकर एवं फोर्जर एण्ड हीट ट्रीटमेन्ट व्यवसाय के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार या विशिष्ट सेवायोजन कार्यालय कालसी (देहरादून) के अलावा किसी भी राज्य / जिले के सेवायोजन कार्यालयों में पंजीकृत अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

  नोट: बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक)/कार्यरत संविदा श्रमिकों/EMB के कार्यरत कर्मचारियों/लेडिज क्लब के कार्यरत कर्मचारियों/भेल गैस के कार्यरत कर्मचारियों /दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा केन्द्रीय विद्यालय के कार्यरत कर्मचारियों के आश्रितों के लिए किसी भी जिला सेवायोजन कार्यालय में नामांकन होना अनिवार्य नहीं है तथा साथ ही इन अभ्यर्थियों को आई.टी.आई. उत्तीर्ण वर्ष में भी 3 वर्ष तक अतिरिक्त छूट का प्रावधान है।
- **वे अभ्यर्थी जिन्होने आई.टी.आई. व्यक्तिगत अभ्यर्थी (as a private candidate) के रूप में किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।**
- अन्य पिछड़ा वर्ग, अनु. जाति/ जनजाति एवं शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण सरकारी नियमानुसार दिया जायेगा।
- वे अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र हैं, जिन्होने आई.टी.आई. उत्तीर्ण करने के उपरान्त एक वर्ष तक किसी भी प्रकार के सरकारी / अर्द्ध सरकारी / निजी / संविदा अथवा अन्य किसी भी प्रकार के रोजगार में संलग्न नहीं रहे हों तथा आई.टी.आई. करने के उपरान्त अभ्यर्थी ने अन्य किसी भी संस्थान से प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के तहत शिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया हो या न तो कर रहा हो।
- **वे अभ्यर्थी जिन्हे आई.टी.आई. का परीक्षाफल / अंकपत्र अभी प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।**

Stipend:

सभी चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि के प्रथम वर्ष में consolidated stipend राज्य सरकार द्वारा अर्धकुशल कामगारों के लिए निर्धारित प्रति माह वेतन का 70% तथा द्वितीय वर्ष (यदि लागू हो तो) के लिए 80% देय होगा।

स्वास्थ्य:

आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व दिये गये प्रारूप पर सक्षम चिकित्साधिकारी के द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अप्रेंटिस नियम 1991 द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।

चयन प्रक्रिया:

अभ्यर्थी का चयन लिखित एवं / अथवा व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा। लिखित परीक्षा एवं / अथवा साक्षात्कार के लिये आमंत्रित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।

आवेदन कैसे करें

- उपरोक्त प्रशिक्षण के लिये बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाईट http://careers.bhelhwr.co.in द्वारा "**Trade Apprenticeship Process Oct - 2015**" के अन्तर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (APPLY ONLINE) भरें।
- इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार आवेदन को भरने, जमा करने तथा चयन से संबंधित सभी दिशा निर्देशों से संबंधित जानकारी के लिए दिये गये निर्देशानुसार कार्य करें।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद पावती पत्र (Acknowledgement Slip), आवश्यक दस्तावेजों के साथ अंतिम तिथि के पहले भेजना होगा। अंतिम तिथि के बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे।
- वेबसाईट http://careers.bhelhwr.co.in पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे बिना, या दर्शाये गये सभी दस्तावेजों एवं पावती पत्र (Acknowledgement Slip) के बिना जमा किये गये आवेदन अस्वीकार्य होंगे। इस संबंध में बिना भरे अथवा अधूरे आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।
- बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाईट से ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरने के उपरांत ऑनलाइन प्राप्त पावती पत्र (Acknowledgement Slip) का प्रिंट आउट लें तथा इसे अन्य दस्तावेजों के साथ लिफाफे में डाल कर एवं उसके ऊपर **"ट्रेड अप्रेंटिस प्रशिक्षण अक्टूबर 2015 हेतु आवेदन पत्र"** लिख कर दिनांक **28.09.2015 तक** निम्नलिखित पते पर **डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप में** (स्वयं) जमा करना होगा।

वरि. प्रबंधक (मा. सं.- भर्ती),
कक्ष सं. 29, मानव संसाधन विभाग
मुख्य प्रशासनिक भवन, बी.एच.ई.एल., हीप,
रानीपुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) -249403

- आवेदन से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिये दूरभाष संख्या 01334 - 285835 / 281427 पर या ई मेल आई.डी artrect@bhelhwr.co.in पर संपर्क किया जा सकता है।

पावती पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की (स्वयं सत्यापित) छायाप्रति संलग्न कर भेजना अनिवार्य हैं:

1. हाई स्कूल अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र
2. आई.टी.आई. अंक तालिका
3. सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र
4. जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
5. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)

सामान्य निर्देश

- योग्य अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र स्वयं ही वेबसाइट से अपना पावती संख्या (Acknowledgement No.) तथा जन्म तिथि डालकर डाउनलोड करना होगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना पावती संख्या (Acknowledgement No.) लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु नोट करके रखें।
- अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य योग्यता धारण करते हैं। यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरांत यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं है तो आवेदक की उम्मीदवारी/ नियुक्ति किसी भी समय बिना किसी कारण बताए निरस्त की जा सकती है।
- प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रक्रिया के संशोधन / पुनर्निधारण / निरस्त / निलंबन करने का अधिकार है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।
- इस परिपत्र के फलस्वरूप अथवा परिपत्र के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थनापत्र देने की प्रक्रिया केवल हरिद्वार में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय / ट्रिब्युनल / फोरम हरिद्वार के पास इस संबंध में कारण / विवाद की जाँच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकार होगा।
- किसी व्यवसाय में किसी भी अवस्था (लिखित परीक्षा या साक्षात्कार) में यदि योग्य अभ्यर्थियों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से कम रहती है तो सभी योग्य अभ्यर्थियों को, यदि वे अन्य अर्हतायें पूरी करते हैं तो लिखित परीक्षा / साक्षात्कार में छूट प्रदान करते हुए क्रमशः साक्षात्कार / ज्वाइनिंग के लिए बुलाया जा सकता है।
- चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- इस प्रक्रिया से संबंधित कोई भी शुद्धि / परिवर्तन / अपडेट केवल बी.एच.ई.एल. हरिद्वार कैरियर वेबसाइ http://careers.bhelhwr.co.in पर उपलब्ध होगा। अलग से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र या किसी अन्य माध्यम से नही दी जायेगी।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि चयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी के लिये उपरोक्त वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

महत्त्वपूर्ण तिथियाँ (संभावित)

(क)	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु आरंभिक तिथि:	14.09.2015
(ख)	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि:	23.09.2015
(ग)	आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि:	28.09.2015
(घ)	लिखित परीक्षा की तिथि :	05.10.2015
(ङ)	साक्षात्कार की तिथियाँ:	08 से 10.10.2015
(च)	अंतिम रूप से परिणाम घोषणा करने की तिथि	13.10.2015

वरि. प्रबंधक (मा.सं.-भर्ती)

वितरण :

जिला सेवायोजन अधिकारी हरिद्वार / कालसी (देहरादून)
हरिद्वार नेट
समस्त सूचना पट्ट
} **व्यापक प्रसार हेतु**

प्रतिलिपि :

कार्यपालक निदेशक (हीप)
कार्यपालक निदेशक (सी.एफ.एफ.पी.)
महा प्रबंधक (मा. सं. एवं नगर प्रशासक)
अपर महा प्रबंधक (मा. सं.)
अपर महा प्रबंधक (मा. सं. वि. के.)
वरि. उप महा प्रबंधक (मा. सं.)
} **सादर सूचनार्थ**